# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: **प्रेस–नोट** :–

**दिनांकः 05.12.2025**

आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं, 2024 (कार्मिक (क–4/2) विभाग) के पदों हेतु द्वितीय चरण के साक्षात्कार दिनांक 15.12.2025 से 24.12.2025 तक आयोजित किये जायेंगे।

उक्त पदों के साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि समस्त अभ्यर्थी ऑनलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन–पत्र डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण–पत्रों की फोटो प्रति एवं समस्त मूल प्रमाण–पत्रों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

समस्त अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटोयुक्त मूल पहचान–पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण–पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिये जायेंगे।

**(ऋषिबाला श्रीमाली)**
**संयुक्त सचिव**